


श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल

# नया छत्तीसगढ़

## 2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा

## दुर्ग संसदीय क्षेत्र









# प्रस्तावना



**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# दुर्ग संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्र:**

पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा, नवागढ़।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्य:**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ₹ 59 करोड़ की लागत से दुर्ग–राजनांदगांव तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत दुर्ग एवं रसमड़ा स्टेशनों के बीच 8 किलोमीटर लाइन का निर्माण।
- ₹ 6 करोड़ की लागत से भिलाई मेमू शेड का विस्तार।
- ₹ 8 करोड़ की लागत से भिलाई इलेक्ट्रिक लोको शेड में 150 से 175 लोको की क्षमता का विस्तार कार्य।
- ₹ 31 करोड़ की लागत से भिलाई में अतिरिक्त फ्रेट रखरखाव डिपो की शुरुआत।
- ₹ 75 लाख की लागत से दुर्ग एवं भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर हाई स्पीड वाई–फाई की सुविधा।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ₹ 352 लाख की लागत से दुर्ग स्टेशन पर 3 लिफ्ट और 2 एस्केलेटर की सुविधा।
- ₹ 289 लाख की लागत से भिलाई, दुर्ग एवं रसमड़ा स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा।
- ₹ 42 लाख की लागत से रिसामा, रसमड़ा, दुर्ग एवं पउवारा स्टेशनों पर प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा।
- ₹ 180 लाख की लागत से कुम्हारी, भिलाई (जी एवं एच केबिन), भिलाई नगर एवं भिलाई स्टेशनों पर प्लेटफार्म की ऊंचाई में वृद्धि/विस्तार।
- ₹ 3 लाख की लागत से कुम्हारी स्टेशन पर नई बुकिंग ऑफिस/टिकट काउंटर की सुविधा।

**ग. अन्य कार्य:**

- 22867/22868 दुर्ग–ह.निजामुद्दीन–दुर्ग, द्वि–साप्ताहिक हमसफ़र एक्सप्रेस की दिनांक 22 अप्रैल, 2017 से शुरुआत।
- 78826/78827 दुर्ग–दल्लीराझरा–दुर्ग, त्रि–साप्ताहिक डेमू की दिनांक 20 दिसंबर, 2016 से शुरुआत।
- 78815/78818 रायपुर–दुर्ग–दल्लीराझरा डेमू का भानुप्रतापुर स्टेशन तक विस्तार।
- 68718 दुर्ग–रायपुर मेमू का भिलाई नगर स्टेशन पर ठहराव।
- 19317/19318 इंदौर–पुरी–इंदौर, साप्ताहिक एक्सप्रेस का दुर्ग स्टेशन में ठहराव।

**घ. कार्य प्रगति पर:**

- ₹ 83 करोड़ की लागत से भिलाई पावर हाउस एवं भिलाई नगर स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 442 (सुपेला गेट) पर रोड ओवरब्रिज एवं रोड अंडरब्रिज का निर्माण।
- ₹ 74 करोड़ की लागत से दुर्ग एवं दल्लीराझरा स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर DD-4 पर रोड ओवरब्रिज एवं सीमित ऊंचाई के सब–वे का निर्माण।
- मरौदा–रिसामा खंड पर स्थित मानवरहित लेवल क्रासिंग नंबर DD-11 पर सीमित ऊंचाई के सब–वे का प्रावधान।
- एच केबिन के नजदीक स्थित लेवल क्रासिंग नंबर 433 एवं 434 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण।
- भिलाई–दुर्ग स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 443 (नेहरु नगर गेट) पर सीमित ऊंचाई के सब–वे का निर्माण।
- ₹ 36 करोड़ की लागत से दुर्ग एवं दल्लीराझरा स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर DD-10 पर रोड ओवरब्रिज एवं रोड अंडरब्रिज का निर्माण।
- ₹ 42 करोड़ की लागत से भिलाई नगर एवं दुर्ग लिंक ब्लाक स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 443 (नेहरु नगर) पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण।
- भिलाई पावर हॉउस स्टेशन – ₹ 5 करोड़ की लागत से 24 कोच की ट्रेन हेतु प्लेटफार्म का विस्तार।
- भिलाई (जी एवं एच केबिन) एवं भिलाई नगर स्टेशन – ₹ 5 करोड़ की लागत से प्लेटफार्म की ऊंचाई में वृद्धि एवं विस्तार।
- दुर्ग स्टेशन – ₹ 3 करोड़ की लागत से फुट ओवरब्रिज एवं रैम्प का निर्माण।
- दुर्ग स्टेशन – ₹ 85 लाख की लागत से एलईडी लाईट, साइनेज एवं एलईडी फिटिंग का कार्य।
- दुर्ग स्टेशन – ₹ 36 लाख की लागत से डिजिटल रिजर्वेशन चार्ट डिस्प्ले (16 डिस्प्ले) का कार्य।
- दुर्ग स्टेशन – ₹ 33 लाख की लागत से वीआईपी रुम के उन्नयन का कार्य।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ



दुर्ग एवं निजामुद्दीन स्टेशनों के मध्य हमसफ़र एक्सप्रेस एवं अन्य यात्री सुविधाओं का शुभारंभ




माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दुर्ग स्टेशन पर इंदौर–पुरी–इंदौर, हमसफ़र साप्ताहिक एक्सप्रेस का शुभारंभ



माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दुर्ग स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का उद्घाटन



दुर्ग स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा



रिसामा स्टेशन पर प्लेटफार्म की सुविधा



रसमड़ा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा




दुर्ग स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा



दुर्ग स्टेशन पर यान्त्रिकृत सफाई